संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(17)RSMSSB/अर्थना/ज.सं.वि./2015/250 **दिनांक : 09.06.2016**

बोर्ड द्वारा निम्नलिखित पदो हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

गैर अनुसूचित क्षेत्र में कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (यांत्रिक) के पदों हेतु सीधी भर्ती परीक्षा, 2016 राजस्थान अधीनस्थ अभियांत्रिकी सेवा (सिंचाई शाखा) नियम, 1967 के अन्तर्गत

पद व विभाग	पद कोड	पद संख्या	आयु (दिनांक 01.01.2017 को)	वेतनमान
गैर अनुसूचित क्षेत्र			न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से कम।	**रनिंग पे बेण्ड (9300–34800 रू) ग्रेड पे रू 3600/–**
(i) **कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारी),**	01	231		
(ii) **कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिप्लोमाधारी),**	02	336		
(iii) **कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक) (डिग्रीधारी),**	03	04		
(iv) **कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारी),**	04	12		
विभाग : जल संसाधन विभाग				

शैक्षणिक योग्यता:–

(केवल क्रं.सं. (i) के लिये)

1. भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से सिविल अभियांत्रिकी मे उपाधि या सरकार द्वारा इससे समतुल्य घोषित अहर्ता।
2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

(केवल क्रं.सं. (ii) के लिये)

1. किसी मान्यता संस्था से सिविल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा

या

इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स द्वारा मान्यता प्राप्त सिविल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा जो अध्ययनवृति परीक्षा से छूट के प्रयोजन के लिये हो।

2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

(केवल क्रं.सं. (iii) के लिये)

1. भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से यांत्रिक अभियांत्रिकी मे उपाधि या सरकार द्वारा इससे समतुल्य घोषित अहर्ता।
2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

(केवल क्रं.सं. (iv) के लिये)

1. किसी मान्यता संस्था से यांत्रिक अभियांत्रिकी में डिप्लोमा

या

इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स द्वारा मान्यता प्राप्त यांत्रिक अभियांत्रिकी में डिप्लोमा जो अध्ययनवृति परीक्षा से छूट के प्रयोजन के लिये हो।

2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

आवेदन करने की अवधि:–ऑनलाइन आवेदन पत्र **दिनांक 15.06.2016 से 15.07.2016** रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। परीक्षा शुल्क **दिनांक 15.06.2016 से 15.07.2016** को रात्रि 12 बजे (ई–मित्र कियोस्क पर रात्रि 8 बजे) तक ही जमा हो सकेगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

परीक्षा का माह व स्थान:–परीक्षा तिथि एवं समय की सूचना बोर्ड की वेबसाइट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जाएगी।

अन्य बिन्दु व सूचना:– परीक्षा शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, आरक्षित पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान एवं परीक्षा की स्कीम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की वेबसाइट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत विज्ञापन राजस्थान रोजगार संदेश के आगामी अंक में प्रकाशित होगा।

इस परीक्षा के संबंध में समय समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त बेवसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावे।

(सांवर मल वर्मा)
सचिव